रामनगर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण करने पहुंचे—आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के रामनगर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त सुश्री येशा लहरे को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। वहां जाकर शिक्षको द्वारा पढ़ाये जा रहे विषय के बारे में जानकारी प्राप्त किये। बच्चों को किस प्रकार से पढ़ाया जा रहा है, उनका कोर्स पुरा हुआ कि नहीं हुआ। परीक्षा कब है, जो पढ़ाया जा रहा है उसको बच्चे कितना समझ में आ रहा है इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त किये। बच्चो से खुद किताब पढ़वाये और उनसे सवाल जवाब भी किये। बच्चों को अपने क्लास एवं घरो की साफ—सफाई करने के लिए भी प्रोत्साहित किये। माध्यमिक शाला में बच्चो की उपस्थिति कम होने पर आयुक्त ने उपस्थित शिक्षकों से चिंता व्यक्त की। कक्षा—3 में मात्र 16 बच्चे, कक्षा—4 में 11 बच्चे, कक्षा—5 में 9 बच्चे ही उपस्थित थे। आयुक्त पाण्डेय ने शिक्षकों से पूछा क्या आपके द्वारा बच्चो के माता पिता से संपर्क किया जा रहा है, कि बच्चे क्यो नहीं स्कूल आ रहे है। जबकि अब पांचवी बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है। बच्चों का हाजरी रजिस्टर की भी जांच किये, बच्चों के अभिभावको से भी फोन से संपर्क किये। उन्हे अपने बच्चो को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किये। शिक्षको का कहना था, कि माताधपिता बच्चों को स्कूल भेजने एवं पढाई के बारे में ध्यान नहीं देते है। जोन आयुक्त येशा लहरे ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि हम भी शासकीय स्कूल में पढ़कर आज आपके जोन की जोन आयुक्त बनी हूॅ। यह कठिन महेनत व लगन से पढ़ाई करके ही सब कुछ पाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता स्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।